No. of Printed Pages/Questions: 15/14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2022 – 2023)**

**Class: XI** **MM: 80**

**Subject: Hindi (Code 302)** **Time: 3.00Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

सामान्य निर्देशः

1 इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड है–खण्ड'अ' और खण्ड'ब'। खण्ड'अ' में वस्तुपरक तथा खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

2 खण्ड'अ' में कुल 45 प्रश्न पूछे गए हैं,जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने है।

3- खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

4 दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

5 यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खण्ड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न (40 अंक)

**प्रश्न 1** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – (1x10=10)

गोदान प्रेमचंद जी की अमर कृतियों में से एक है, जिसमें ग्रामीण भारत की आत्मा का करुण चित्र साकार हो उठा है। इसी कारण कई मनीषी आलोचक इसे ग्रामीण भारतीय परिवेशगत समस्याओं का महाकाव्य मानते हैं, तो कई विद्वान इसे ग्रामीण–जीवन और कृषि–संस्कृति का शोक गीत स्वीकारते हैं। कुछ विद्वान तो ऐसे भी हैं कि जो इस उपन्यास को ग्रामीण भारत की आधुनिक 'गीता' तक स्वीकार करते हैं, जो कुछ भी हो 'गोदान' वास्तव में मुंशी प्रेमचंद का एक ऐसा उपन्यास है, जिसमें आचार–विचार, संस्कार और प्राकृतिक परिवेश जो गहन करुणा से युक्त है, प्रतिबिंबित हो उठा है।

डॉ0 गोपाल राय का कहना है कि 'गोदान' ग्राम जीवन और ग्राम संस्कृति को उसकी संपूर्णता में प्रस्तुत करने वाला अद्वितीय उपन्यास है, न केवल हिंदी के वरन् किसी भी भारतीय भाषा के किसी भी उपन्यास में ग्रामीण समाज का ऐसा व्यापक यथार्थ और सहानुभूतिपूर्ण चित्रण नहीं हुआ है। ग्रामीण जीवन और संस्कृति के अंकन की दृष्टि से इस उपन्यास का वही

महत्व है, जो युग जीवन की अभिव्यक्ति की दृष्टि से महाकाव्यों का हुआ करता था। इस प्रकार डॉक्टर राय गोदान को आधुनिक युग का महाकाव्य ही नहीं स्वीकारते, वरन् सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य स्वीकारते हैं। उनके इस कथन का यही आशय है कि प्रेमचंद जी ने ग्राम–जीवन से सम्बंद्ध सभी पक्षों का न केवल अत्यंत विशद चित्रण किया है , वरन् उनकी गहराइयों में जाकर उनके सच्चे चित्र भी प्रस्तुत कर दिए हैं।

प्रेमचंद जी ने जिस ग्राम–जीवन का चित्र गोदान में प्रस्तुत किया है, उसका संबंध आज के ग्रामीण परिवेश न होकर तत्कालीन ग्राम जीवन से है। ग्रामीण जीवन को वास्तविक आधार प्रदान करने के लिए प्रेमचंद जी ने चित्र के अनुरूप ही कुछ ऐसे खाँचे अथवा चित्रफलक निर्मित किए हैं, जो चित्र को यथार्थ बनाने में सहयोगी सिद्ध हुए हैं। ग्रामीण किसानों के घर– द्वार खेत–खलिहान और प्राकृतिक दृश्यों का ऐसा वास्तविक चित्रण अन्यत्र दुर्लभ है।

(i) कथन 1 – गोदान में ग्रामीण जीवन का चित्रण हुआ है।

कथन 2– गोदान को श्रमिक का शोकगीत कहते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | केवल कथन 1 सही है। | ख | केवल कथन 2 सही है। |
| ग | दोनों कथन सही है | घ | दोनों कथन गलत है |

(ii) गोदान किस प्रकार की विधा है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | काव्यग्रंथ | ख | उपन्यास |
| ग | कथाकृति | घ | महाकाव्य |

(iii) कथन – गोदान को ग्रामीण भारत की आधुनिक गीता कहा गया है

कारण – गोदान में धर्म संबंधी उपदेश दिए गए है।

क केवल कथन सही है

ख केवल कारण सही है

ग कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है

घ कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है

**(iv)** गद्यांश के अनुसार गोदान को निम्नलिखित में से क्या संज्ञा दी जा सकती है ?

1 कृषि–संस्कृति का शोक गीत

2 ग्रामीण भारतीय परिवेशगत समस्याओं का महाकाव्य

3 करुणा से युक्त कविता

4 ग्रामीण जीवन का शोकगीत

क केवल 1,3,4 ख केवल 2,3,4

ग केवल 1,2,4 घ केवल 1,2,3

**(v)** गद्यांश के अनुसार 'गोदान' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है ?

क इसमें ग्रामीण परिवेश का चित्रण है

ख इसमे कृषकों की समस्याओं का चित्रण है

ग इसमें प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण नहीं है

घ इसमें ग्राम्य जीवन के सभी पहलुओं का चित्रण है

**(vi)** प्रेमचंद जी ने जिस ग्राम्य जीवन का चित्र गोदान में प्रस्तुत किया है, उसका संबंध है–

क आज के ग्रामीण परिवेश से

ख तत्कालीन ग्राम–जीवन से

ग दोनों ही समय के ग्रामीण–जीवन से

घ किसी भी समय से नहीं

**(vii)** गोदान को ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहने का क्या तात्पर्य है ?

क गोदान ग्रामीण जीवन के सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ है

ख गोदान ग्रामीण जीवन का काव्य ग्रंथ है

ग गोदान में ग्रामीण जीवन के सभी पहलुओं का विस्तृत चित्रण हुआ है

घ उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**(viii)** 'गोदान' के संबंध में कौन–सा कथन असत्य है ?

क गोदान ग्राम संस्कृति की संपूर्णता को उजागर करता है

ख गोदान में चित्रित ग्राम–जीवन का संबंध आज के ग्राम परिवेश से न होकर तत्कालीन ग्राम–जीवन से है

ग गोदान में शहर की चकाचौंध से विमुख मनुष्य का चित्रण किया गया है

घ गोदान में ग्रामीण किसानों के घर–द्वार व आस–पास के परिवेश के चित्र खींचे गए हैं

**(ix)** डॉ० राय गोदान को मानते हैं –

क आधुनिक युग का महाकाव्य

ख सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य

ग उपर्युक्त क और ख दोनों

घ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(x)** गोदान में निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

क आचार–विचार ख केवल कल्पना

ग प्राकृतिक परिवेश घ संस्कार

**प्रश्न 2** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का विकल्प से चयन कीजिए – (1x5=5)

इंद्रदेवता कोटर में तोते से आकर यूँ बोले।

'सब पक्षी उड़ गए यहाँ से तुमने पंख न खोले।

रहने लायक हर वृक्ष देखों हैं कितने इस वन में।

सूख गया वट वृक्ष गिरेगा सोच रहे हो क्या मन में ?

तोता बोला, इंद्रदेव! मैंने कोटर में जन्म लिया।

वट के फल खाए, इसने रक्षा की सम्मान दिया।

सुख संपत्ति के साथी, विपदा आए करें किनारा।

देवराज! अब स्वयं बताओ क्या कर्तव्य हमारा ?

इंद्र हुए खुश बोले 'प्रिय! जो माँगों वह वरदान मिले'

तोतो बोला देव ! कृपा से हरा–भरा वह ठूँठ खिले।।

''तथास्तु' कहकर देवराज फिर दिए न कहीं दिखाई।।

हरा–भरा वह वृक्ष हुआ फिर हरियाली लौट आई।।

जननी जन्मभूमि की खातिर सुन ले मन बलिदानी।

मन–प्राणों में जगी रहे, तोते की यह अमर कहानी।।

इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चयन कीजिए –

(i) कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए –

कथन

1 मातृभूमि से सदैव लगाव बनाकर रखना चाहिए

2 प्रकृति और पेड़–पौधों से निकटता रखनी चाहिए

3 मातृभूमि का साथ दुख पड़ने पर भी नहीं छोड़ना चाहिए

4 पशु–पक्षियों से उनका घर कभी नहीं छीनना चाहिए।

विकल्प

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कथन 1 और 2 सही है | ख | कथन 2 और 3 सही है |
| ग | कथन 2 और 4 सही है | घ | कथन 3 और 4 सही है |

(ii) तोते ने जन्म लिया था –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | नीम की कोटर में | ख | बरगद के कोटर में |
| ग | आम के कोटर में | घ | पीपल की कोटर में |

(iii) इंद्रदेव खुश हुए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | सूखे पेड़ को देखकर | ख | वट के प्रति तोते के लगाव को जानकर |
| ग | तोते के पंखों को देखकर | घ | अन्य हरे–भरे पेड़ों को देखकर |

(iv) कविता में तोता प्रतीक है ऐसे व्यक्ति का जो –

क जन्मभूमि से स्वार्थ का लगाव रखता है

ख जन्मभूमि के आपात काल के क्षणों में किनारा करता है

ग जन्मभूमि के दुख के क्षणों में भी साथ रहता है

घ स्वार्थ पूरा होने पर साथ छोड़ देता है।

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) – तोते की कहानी सदा–सदा के लिए मन में बसा लेनी चाहिए

कारण (R) – तोते ने सूखे पेड़ को हरा–भरा करवा दिया

क कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ख कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

ग कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

घ कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

अथवा

शक्ति प्रदर्शन को जब कोई, गर्वित शत्रु प्रबल दल सजकर।
या बहु वैभव देख लोभवश, कोई दस्यु सीमा पर।
आकर धन–जन पर पड़ता है, निर्भय रण दुंदुभी बजाकर।
तब नवयुवक स्वतंत्र देश के , क्या बैठे रहते हैं घर पर ?
क्रुद्ध सिंह निकल प्रकट कर , अतुलित भुजबल विषम पराक्रम।
युद्ध भूमि में वे बैरी का , दर्प दलन कर लेते सक्षम।
या स्वतंत्रता की वेदी पर , कर देते हैं प्राण निछावर।
तब नवयुवक स्वतंत्र देश के , क्या बैठे रहते हैं घर पर ?
या स्वदेश ही में जब कोई , स्वेच्छाचारी निपट निरंकुश।
शासन राज शक्ति से रक्षित, लपंट, लोलुप, क्रुर पुरुष।
निज कर्तव्य विरुद्ध प्रजा पर , करता है अन्याय घोरतर।
तब नवयुवक स्वतंत्र देश के , क्या बैठे रहते हैं घर पर ?

(i) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–

कथन

1 नवयुवकों को उनकी शक्ति का ज्ञान कराना

2 नवयुवकों की विशेषताओं का उल्लेख करना

3 देश की वर्तमान दशा के बारे में नवयुवकों से प्रश्न पूछना

4 देशभक्तों से सीख लेने के लिए युवकों को प्रेरित करना

विकल्प

क कथन 2 सही है  ख कथन 1 और 3 सही है

ग कथन 1 , 3 और 4 सही हैं  घ कथन 1, 2, 3 और 4 सही है।

(ii) शत्रु कैसे हमला करता है ?

क अहंकार में डूबकर  ख धन से मदमस्त होकर

ग लंबी–चौड़ी सेना के कारण  घ घात लगाकर

(iii) युद्ध भूमि में भारतीय युवक –

क शत्रु को अपनी शान दिखाते हैं  ख शत्रु का दर्प दलन करते हैं

ग बलिदानी बन जाते हैं  घ स्वार्थी और अहंकारी से लोहा लेते हैं।

(iv) देश के नवयुवकों के बारे में असत्य कथन वाला विकल्प है –

क शत्रुओं को देखकर क्रोधित शेर की तरह घर से निकल पड़ते हैं

ख घर से निकलकर जन–धन पर टूट पड़ते हैं

ग युद्ध भूमि में शत्रुओं का घमण्ड चूर–चूर कर देते हैं

घ अतुलित बल के साथ पराक्रम दिखाते हैं

(v) यह कविता हमें सिखाती है कि –

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए –

1 शत्रुओं का धन–वैभव देखकर उन पर हमला कर दें

2 शत्रुओं को देखकर अतुलित पराक्रम दिखाते हुए शेर की तरह टूट पड़े

3 देश के लोगों पर अत्याचार होता देखकर चुप न बैंठे

4 शासन और सत्ता पाने का लोभ मन में बनाए रखें।

विकल्प

क कथन 1 और 2 सही है  ख कथन 1 और 4 सही है।

ग कथन 2 और 3 सही है  घ कथन 3 और 4 सही है

**प्रश्न 3** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – (1x5=5)

**(i)** वेबसाइट पर विशुद्ध पत्रकारिता शुरू करने का श्रेय किसे जाता है ?

क बी बी सी  ख इंडियन एक्सप्रेस

ग टाइम्स ऑफ इंडिया  घ तहलका डॉटकॉम

**(ii)** टी0बी0 में किसकी प्रमुखता होती है ?

क सुनने की  ख दृश्य की

ग कल्पना की  घ इनमें से कोई नहीं

**(iii)** 'लाइव' से क्या तात्पर्य है ?

क रिपोर्टर द्वारा फोन से सूचना देना

ख घटना स्थल से सीधा प्रसारण

ग दृश्यों के आधार पर लिखी खबर

घ कम शब्दों में दर्शकों को सूचना देना

**(iv)** पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

क किसी समाचार संगठन के लिए नियमित वेतन भोगी को

ख किसी समाचार संगठन के लिए एक निश्चित मानदेय पर कार्य करना

ग भुगतान के आधार पर अलग–अलग अखबारों के लिए लिखते हैं

घ उपर्युक्त सभी

**(v)** समाचार लेखन के कितने ककार होते हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | चार | ख | पाँच |
| ग | तीन | घ | छः |

**प्रश्न 4** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – (1x5=5)

ठंडी होती दिनचर्या में जीवन की गर्माहट

मन का हरापन भोलापन दिल का

अक्खड़पन, जुझारूपन भी

भीतर की आग , धनुष की डोरी

तीर का नुकीलापन, कुल्हाड़ी की धार।

जंगल की ताजा हवा, नदियों की निर्मलता

पहाड़ों का मौन, गीतों की धुन

मिट्‌टी का सोंधापन, फसलों की लहलहाहट।।

**(i)** यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | घर की याद | ख | सबसे खतरनाक |
| ग | आओ, मिलकर बचाएँ | घ | गज़ल |

**(ii)** किस संस्कृति के कारण यहाँ के लोगों की दिनचर्या में ठहराव आ गया है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | ग्रामीण | ख | शहरी |
| ग | विकल्प क और ख | घ | इनमें से कोई नहीं |

**(iii)** कवयित्री कहाँ के लोगों के जीवन में उत्साह की बात कह रही है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | आगरा | ख | मुंबई |
| ग | झारखण्ड | घ | राजस्थान |

**(iv)** इस पद्यांश में कवयित्री ने किसके नुकीलेपन की बात कही है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | चाकू | ख | तीर |
| ग | तलवार | घ | सभी |

**(v)** इस पद्यांश में कवयित्री ने निर्मल किसे कहा है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कुल्हाड़ी | ख | मिट्टी |
| ग | नदियों | घ | पहाड़ों |

**प्रश्न 5** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – (1x5=5)

जब नमक का नया विभाग बना और ईश्वर प्रदत्त वस्तु के व्यवहार करने का निषेध हो गया तो लोग चोरी–छिपे इसका व्यापार करने लगे। अनेक प्रकार के छल प्रपंचों का सूत्रपात हुआ, कोई घुस से काम निकलता था कोई चालाकी से। अधिकारियों के पौ–बारह थे। पटवारीगिरी का सर्वसम्मानित पद छोड़–छोड़कर लोग इस विभाग की बरकंदाजी करते थे। इसके दारोगा पद के लिए तो वकीलों का भी जी ललचाता था। यह वह समय था, जब अंग्रेजी शिक्षा और ईसाई मत को लोग एक ही वस्तु समझते थे। फारसी का प्राबल्य था। प्रेम की कथाएँ और श्रृंगार रस के काव्य पढ़कर फारसीदां लोग सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हो जाया करते थे।

**(i)** नमक का दारोगा किस विधा की रचना है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | उपन्यास | ख | कहानी |
| ग | नाटक | घ | निबंध |

**(ii)** नमक को किसकी देन कहा गया है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | ईश्वर | ख | माता |
| ग | पिता | घ | भाई |

**(iii)** नमक बनाना किसके नियंत्रण में है ?

क ईश्वर ख माता

ग पिता घ सरकार

**(iv)** उस समय नौकरी में उच्च पद प्राप्त करने के लिए किस भाषा का ज्ञान होना आवश्यक था ?

क हिंदी ख संस्कृत

ग अंग्रेजी घ फ़ारसी

**(v)** नमक के सरकारी नियंत्रण का दुष्परिणाम क्या हुआ ?

क काला बाज़ारी ख चोरी

ग भ्रष्टाचार घ उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 6** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – (1x10=10)

**(i)** कुंई की खुदाई के लिए इस्तेमाल होने वाले औजार को किस नाम से जाना जाता है ?

क कुल्हाड़ी ख बसौली

ग फावड़ा घ आरी

**(ii)** कुंई की खुदाई और विशेष तरह की चिनाई करने वाले को किस नाम से जाना जाता है ?

क माली ख किसान

ग चेलंवाजी घ नाविक

**(iii)** राजस्थान में खारे पानी के सागर में अमृत जैसा मीठा पानी किससे प्राप्त होता है ?

क कुआँ से ख कुंई से

ग हैण्डपंप से घ वर्षा के जल से

**(iv)** भूजल और कुओं से निकाले जाने वाले पानी को क्या कहते हैं ?

क पालरपानी ख रेजाणीपानी

ग बारिश का पानी घ पातालपानी

(v) लता के गायन की विशेषता है ?

क स्वरों की निर्मलता ख निर्मलता

ग मुग्धता घ ये सभी

(vi) आम आदमी को संगीत में से किन चीजों से मतलब नहीं होता ?

क राग ख ताल

ग विकल्प (क) और (ख) घ इनमें से कोई नहीं

(vii) लता ने किस संगीत को लोकप्रिय बनाया ?

क केवल शास्त्रीय ख चित्रपट

ग लोकगीत घ ये सभी

(viii) लेखिका आलो आँधारि को हर समय किसकी तलाश रहती थी ?

क काम की ख नये खोज की

ग विकल्प (क) और (ख) घ इनमें से कोई नहीं

(ix) किसके घर में आने से लेखिका आलो आँधारि का जीवन बदल गया ?

क ससुराल ख तातुश

ग भाई घ उपर्युक्त सभी

(x) बेबी हालदार ज्यादातर अपना लेखन किस समय करती थी ?

क सुबह ख दोपहर

ग शाम घ रात

## खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (40 अंक)

**प्रश्न 7** निम्नलिखित चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर रचनात्मक लेखन लगभग 120 शब्दों में कीजिए – (5x1=5)

क - परीक्षा शिक्षा का अनिवार्य अंग है लेकिन इसके भय से बचना कठिन है। कल्पना कीजिए आपको परीक्षा ने किस प्रकार भयभीत किया है।

ख अपने जीवन में घटी ऐसी घटना का वर्णन कीजिए जिसे आप कभी नहीं भूल पाए।

ग बच्चे देश के सुनहरा भविष्य होते हैं।

घ असामाजिक तत्वों द्वारा किस प्रकार समाज की शांति भंग की जाती है। इस पर आधारित एक घटना लिखिए।

**प्रश्न 8** दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों में अश्लीलता होती है। इसका समाज पर कुप्रभाव पड़ रहा है। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपके क्षेत्र के आस–पास कोई अस्पताल नहीं है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। डिस्पेंसरी खोलने का अनुरोध करते हुए स्वास्थ्य निदेशक को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए ।** (3x2=6)

क डायरी को एक व्यक्तिगत दस्तावेज क्यों माना जाता है ?

ख पटकथा लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है और क्यों ?

ग नाटक को सजीव कला माध्यम क्यों कहा जाता है ?

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए ।** (2x2=4)

क स्ववृत्त में व्यक्ति–परिचय के अंतर्गत क्या–क्या सूचनाएँ दी जाती है ?

ख शब्दकोश के खंडों के नाम किस आधार पर रखे जाते हैं ?

ग स्ववृत्त सुंदर और आकर्षक क्यों होना चाहिए ?

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए ।** (3x2=6)

क मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ? वह रूप कैसा है ?

ख मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है ?

ग कवि दुष्यंत कुमार उम्रभर के लिए पलायन क्यों करना चाहते हैं ?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए ।** (2x2=4)

क कबीर ने ऐसा क्यों कहा है कि संसार बौरा गया है ?

ख कवि अवतार सिंह संधू ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार, गद्दारी लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना ? 'सबसे खतरनाक' पाठ के आधार पर लिखिए।

ग यदि चंपा पढ़ी लिखी होती, तो कवि से कैसे बातें करती ?

**प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए ।** (3x2=6)

क वंशीधर के पिता ने उसे कौन–कौन–सी नसीहतें दी ? 'नमक का दारोगा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ख दुनिया के बारे में किसानों को बताना नेहरू जी के लिए क्यों आसान था ?

ग धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था ? 'गलता लोहा' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

**प्रश्न 14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए ।** (2x2=4)

क जामुन का पेड़ गिरा देखकर क्लर्क ने क्या प्रतिक्रिया की ?

ख वर्तमान समय में किसानों की स्थिति किस सीमा तक बदली है ?

ग भारत के विकास को लेकर आप क्या–क्या सपने देखते हैं ?

——000——